ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

आज़ादी का अमृत महोत्सव

हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

सरदार वल्लभभाई पटेल ने रियासतों का एकीकरण कर सशक्त एवं अखंड भारत की रखी नींव

वर्धा, 02 नवंबर 2026: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में शनिवार , 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर एकता दौड़, राष्ट्रीय एकता की शपथ तथा सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करने सहित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



भारत की स्वतंत्रता के बाद देश के समक्ष सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक विभिन्न रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड राष्ट्र का निर्माण करना था। सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी राजनीतिक दूरदर्शिता, दृढ़ इच्छाशक्ति, कुशल नेतृत्व और कूटनीतिक सूझबूझ से इस चुनौती का सामना किया। तत्कालीन उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री के रूप में उन्होंने देशी रियासतों के भारतीय संघ में विलय की ऐतिहासिक प्रक्रिया का नेतृत्व किया। उनके प्रयासों से भारत की भौगोलिक और राजनीतिक एकता को सुदृढ़ आधार मिला। स्वतंत्रता संग्राम में उनकी सक्रिय भूमिका, किसानों के अधिकारों के लिए संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान ने उन्हें भारतीय इतिहास में विशिष्ट स्थान दिलाया। राष्ट्रीय एकता दिवस उनके इसी योगदान और राष्ट्र की अखंडता के प्रति उनके संकल्प का स्मरण कराता है।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** **www.hindivishwa.org**

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305



इस अवसर पर प्रातः 8:30 बजे फादर कामिल बुल्के अंतरराष्ट्रीय छात्रावास से सावित्रीबाई फुले महिला छात्रावास तक एकता दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वित्त अधिकारी क़ादर नवाज़ ख़ान एवं कुलानुशासक डॉ. राकेश कुमार मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। दौड़ का समापन सावित्रीबाई फुले महिला छात्रावास परिसर में हुआ, जहां डॉ. रामानुज अस्थाना ने उपस्थित सभी लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इसके उपरांत प्रातः 9:30 बजे प्रशासनिक भवन में सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अभिवादन किया गया।



कार्यक्रम में डॉ. एच.ए. हुनगुंद, डॉ. अशोकनाथ त्रिपाठी, डॉ. राजीव रंजन राय, डॉ. संदीप सपकाले, डॉ. निशीथ कुमार राय, डॉ. जयंत उपाध्यक्ष, डॉ. रवि कुमार, डॉ. श्रीनिकेत मिश्र, डॉ. रणंजय कुमार सिंह, डॉ. गिरीश चंद्र पांडे, डॉ. अंजनी कुमार राय, राजेश अरोड़ा, बी. एस. मिरगे, संगीता मालवीय, समीर अवस्थी, डॉ. अर्चना शर्मा, डी. एस. शर्मा सहित विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारी, सुरक्षा कर्मी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में अश्विन श्रीवास, संदीप पेटकर, संदीप चन्ने, दिनेश कुमार आदि ने सहयोग किया।
